मूल हिंदी में

भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2308

12.03.2026 को उत्तर के लिए

नगर वन योजना का कार्यान्वयन

2308 **# श्री गोविंदभाई लालजी भाई धोलकियाः**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मंत्रालय नागरिकों को स्वच्छ वायु, बेहतर पर्यावरण और जैव विविधता संरक्षण के साथ-साथ स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के लिए नगर वन योजना लागू कर रहा हैः

(ख) क्या इस योजना का उद्देश्य 2027 तक 1,000 नगर वनों और 400 नगर वाटिकाओं का निर्माण करना है, जो शहरों के लिए "हरित फेफड़े" के रूप में कार्य करेंगे और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में मदद करेंगे; और

(ग) इस योजना के तहत गुजरात में स्वीकृत नगर वनों और नगर वाटिकाओं की संख्या कितनी है और अब तक कितनी धनराशि जारी की गई है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क)से(ग) शहरी क्षेत्रों में नगर वन और नगर वाटिका बनाने के लिए नगर वन योजना (एनवीवाई) शुरू की गई थी ताकि स्थानीय समुदायों, गैर सरकारी संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों, स्थानीय निकायों आदि को शामिल करके शहरी वानिकी को बढ़ावा दिया जा सके। नगर वन योजना के अंतर्गत नगर निगम/नगरपालिका परिषद/नगरपालिका/शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) वाले शहरों में 1000 नगर वन/नगर वाटिका बनाने की परिकल्पना की गई है ताकि निवासियों को स्वास्थ्यकर जीवन-यापन परिवेश प्रदान किया जा सके और हरित आवरण, जैव विविधता को बढ़ाकर तथा शहरी आबादी को मनोरंजन स्थान प्रदान करके स्वच्छ, हरे-भरे, स्वस्थ और संधारणीय शहरों के विकास में योगदान दिया जा सके। यह योजना राज्य वन विभागों के माध्यम से राष्ट्रीय क्षतिपूर्ति वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (राष्ट्रीय कॉम्पा) से प्राप्त वित्तीय सहायता के माध्यम से कार्यान्वित की जाती है। गुजरात में अनुमोदित नगर वनों की सूची, उनके विकास की स्थिति और बजट आवंटन नगर वन-वार का विवरण, अनुलग्नक-I में दिया गया है।

****

अनुबंध- ।

'नगर वन योजना के कार्यान्वयन' के संबंध में दिनांक 12.03.2026 को उत्तर के लिए श्री गोविंदभाई लालजीभाई ढोलकिया द्वारा पूछे गए राज्य सभा अतारंकित प्रश्न संख्या 2308 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक-।

(लाख रुपये में)

क्र. सं.	शहर/जिला	स्थल का नाम/शहर	क्षेत्रफल हेक्टेयर में	स्वीकृत लागत	कुल रिलीज़
1	अहमदाबाद	माधवनगर , साणंद	8	32.5	32.5
2	राजकोट	विवेकानंद पार्क	8	32.5	32.5
3	सूरत	डुमास वन क्षेत्र	40	160	160
4	गांधीनगर	अरण्य उद्यान - इंद्रोदा नेचर पार्क	50	200	200
5	पंच महल	हलोल	25	100	100
6	पंच महल	गोधरा	2.5	10	10
7	माहीसागर	लूनाबाड़ा	10	40	40
8	माहीसागर	लूनाबाड़ा	10	40	40
9	माहीसागर	लूनाबाड़ा	10	40	40
10	माहीसागर	बालासिनोर	15	60	60
11	वड़ोदरा	बिल टीपी 27एफपी 217/2 भाग 217/3	10	40	28

****